दिनांकः 04.07.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रदेश के आकांक्षी जिलों और ब्लॉक्स में आज से **सम्पूर्णता अभियान** की शुरूआत–तीन महीने के इस अभियान में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और कृषि के शत–प्रतिशत लक्ष्यों को हासिल करने के होंगे प्रयास।
- राज्य विधानसभा के बजट सत्र में आज विभिन्न वार्षिक प्रतिवेदनों पर होगी चर्चा।
- प्रदेश में सड़क सुरक्षा के लिए अगले दस सालों की कार्य योजना होगी तैयार–सड़क हादसों में कमी लाने का लक्ष्य।
- राज्य के ज्यादातर हिस्सों में मॉनसूनी बारिश का दौर–भरतपुर, धौलपुर और जयपुर जिलों में तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट।

....

प्रदेश के आकांक्षी जिलों और ब्लॉक्स में आज से सम्पूर्णता अभियान शुरू हो रहा है। ये अभियान पांच आंकाक्षी जिलों के साथ 27 आंकाक्षी ब्लॉक्स में 30 सितम्बर तक चलेगा। इस अभियान का उद्देश्य स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, मृदा और सामाजिक विकास के छह सूचकांकों का सौ फीसदी लक्ष्य हासिल करना है। पिछड़े और दूर दराज के के क्षेत्रों में तेजी से प्रगति सुनिश्चित करने और सतत विकास लक्ष्यों को स्थानीय बनाने के लिए ये अभियान शुरू किया जा रहा है। नीति आयोग ने इस अभियान के लिये प्रत्येक जिले और ब्लॉक में अपने प्रतिनिधि भेजे हैं। इस कार्यक्रम के तहत आने वाले हर क्षेत्र में परिपूर्णता की प्रगति की निगरानी की जाएगी। सरहदी जिले जैसलमेर में अभियान के लिए फतेहगढ़ ब्लॉक का चयन किया गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने इसके सुचारू संचालन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं।

....

उधर, बारां जिले के किशनगंज ब्लॉक को अभियान के तहत चुना गया है। इस दौरान गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व देखभाल, पूरक पोषण और बच्चों का टीकाकरण सहित अन्य लक्ष्य रखे गये हैं। वहीं जालौर के आहोर में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सम्पूर्णता अभियान का शुभारंभ होगा। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी ने बताया कि उद्घाटन के दिन आज स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

....

बीकानेर के कोलायत में उपखंड स्तरीय समारोह से इसकी शुरूआत होगी।

....

राज्य विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दूसरे दिन आज विभिन्न वार्षिक प्रतिवेदन सदन में रखे जाएंगे। इन पर चर्चा के बाद विभिन्न विभागों के मंत्री जवाब देंगे। आज की कार्यवाही प्रश्नकाल से शुरू होगी। इसमें मंत्रियों की ओर से वार्षिक प्रतिवेदन और अधिसूचनाएं सदन में प्रस्तुत की जाएंगी।

....

चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कहा है कि प्रदेश में मौसमी बीमारियों की स्थिति नियंत्रण में है। श्रीमती सिंह कल जयपुर में विभिन्न विभागों के साथ मौसमी बीमारियों की स्थिति की समीक्षा कर रही थीं। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने जिला कलेक्टरों से मौसमी बीमारियों और मलेरिया से बचाव तथा रोकथाम के उपायों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मॉनसून को देखते हुए अधिक सजग और सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कोचिंग संस्थानों और छात्रावासों में डेंगू और मलेरिया से बचाव के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिये।

....

प्रदेश में सड़क सुरक्षा के लिए अगले दस सालों की कार्य योजना तैयार की जा रही है। वर्ल्ड बैंक की सहायता से इसका क्रियान्वयन तीन चरणों में किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री और परिवहन तथा सड़क सुरक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने बताया कि इस तरह का एक्शन प्लान बनाने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य है। इसके तहत वर्ष 2030 तक सड़क हादसों में लगभग 50 प्रतिशत की कमी लाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही आम लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना के लिए जागरुक किया जाएगा। डॉ. बैरवा कल जयपुर में राज्य सड़क सुरक्षा नीति और कार्य योजना की बैठक

में बोल रहे थे। उपमुख्यमंत्री ने पीडब्ल्यूडी, परिवहन, पुलिस, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य और वन विभाग सहित सभी हितधारक विभागों को समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिये।

....

सीकर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय का चौथा दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया जा रहा है। राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र इसमें शिरकत करेंगे। समारोह में 72 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किये जाएंगे।

....

प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में बीते 24 घंटों में मॉनसूनी बारिश का दौर चला। सीकर, पाली, कोटपूली–बहरोड़ सहित अन्य स्थानों पर बरसात हुई। हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर में भी तेज गर्मी और उमस के बाद मॉनसून सक्रिय हुआ और हल्की बारिश के बाद मौसम खुशनुमा हो गया। भीलवाड़ा जिले में भी कई स्थानों पर मूसलाधार बारिश हुई। इससे नदी और तालाबों में पानी की आवक शुरू हो गयी है। धौलपुर में रिमझिम बारिश का दौर रातभर जारी रहा। राजधानी जयपुर में कल शाम हुई मॉनसून की पहली तेज बारिश से शहर तर बतर हो गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि तेज बारिश से कई इलाकों में पानी भर गया और सड़कों पर वाहनों की लम्बी कतारें लग गईं।

....

भरतपुर में बीती रात से शुरू हुआ बारिश का दौर अभी तक जारी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इससे कई स्थानों पर खेतों में पानी भर गया है।

....

मौसम केन्द्र जयपुर से मिली जानकारी के अनुसार आज भरतपुर, धौलपुर और जयपुर जिले में तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं सीकर, चूरू, झुंझुनूं, दौसा, अलवर, टोंक, करौली, सवाईमाधोपुर, अजमेर और कुछ अन्य स्थानों पर तेज हवाओं के साथ मध्यम बारिश की संभावना है।

....